संख्या–cm-349
05/06/2023

# मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भवन निर्माण विभाग एवं बिहार राज्य भवन निर्माण निगम की 2530.33 करोड़ रूपये लागत की 189 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

**पटना, 05 जून 2023** :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' से भवन निर्माण विभाग एवं बिहार राज्य भवन निर्माण निगम द्वारा क्रियान्वित 2530.33 करोड़ रूपये लागत की 189 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसमें 18 विभागों के 1340.46 करोड़ रूपये की 106 योजनाओं का उद्घाटन तथा 1189.87 करोड़ रूपये की 83 योजनाओं का किया शिलान्यास कार्य शामिल है।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भवन निर्माण विभाग एवं बिहार राज्य भवन निर्माण निगम को बधाई देते हैं कि उन्होंने आज कई योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास कराया है। भवनों का निर्माण के साथ–साथ उसका मेटेनेंस भी करना है। हम काफी समय से कहते रहे हैं कि जो भवन बने उसका मेटेनेंस जरुर होना चाहिए। ऐसा न हो कि भवन बने और मेटेनेंस नहीं होने के कारण वह खराब हो जाय। मेटेनेंस करने के लिए अगर और अधिकारियों, अभियंताओं एवं कर्मियों की आवश्यकता है तो उसकी बहाली जल्दी कीजिए। हम जहां भी नवनिर्मित भवनों को देखने जाते हैं, वहॉ के कैंपस में वृक्षारोपण करने की सलाह देते हैं। साथ ही भवनों के छत पर सोलर प्लेट लगाने के लिये भी कहते हैं। सौर ऊर्जा बहुत जरुरी है। इन सब चीजों पर विशेष ध्यान देने की जरुरत है। निर्माणाधीन भवनों के निर्माण के काम में तेजी लानी चाहिए। भवन निर्माण विभाग द्वारा काफी अच्छी बिल्डिंग बनायी जा रही है। पटना में सरदार पटेल भवन, बिहार संग्रहालय जैसे आइकोनिक बिल्डिंग बनाये गये हैं। सम्राट अशोक कन्वेंशन केन्द्र जिसमें बापू सभागार, ज्ञान भवन एवं सभ्यता द्वार तथा सम्राट अशोक की सांकेतिक प्रतिमा का निर्माण कराया गया है। सरदार पटेल भवन 9 रिक्टर स्केल के भूकंप के झटके को सह सकता है। सरदार पटेल भवन में गृह विभाग, पुलिस मुख्यालय आपदा प्रबंधन विभाग तथा बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कार्यरत है। बिहार संग्रहालय काफी अच्छा बना है। यह इंटरनेशनल स्तर का बना है। देश में ऐसा संग्रहालय कहीं भी नहीं है। बिहार संग्रहालय का मेटेनेंस होते रहना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना सिटी में प्रकाश पुंज बहुत अच्छा बना है। अंजुमन इस्लामिया हॉल अब काफी अच्छा बन गया है। हमने कहा है कि अंजुमन इस्लामिया हॉल आम लोगों को रियायती दर पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था करें। बोधगया में महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र बहुत अच्छा बना है। वैशाली में बुद्ध सम्यक् दर्शन संग्रहालय का निर्माण तेजी से पूरा कीजिए। यहाँ भगवान बुद्ध के अस्थि अवशेष रखे जायेंगे। इसका निर्माण पूरा हो जाने के बाद काफी पर्यटक वैशाली जायेंगे। राजगीर में अंतरराष्ट्रीय खेल अकादमी सह क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण तेजी से पूर्ण करें। खेल यूनिवर्सिटी भी राजगीर में बनाया जा रहा है। पटना में ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम साइंस सिटी का काम भी अभी पूरा नहीं हुआ है। इसका

निर्माण जल्द पूरा करें। बापू टावर भी पटना में बन रहा है। हम चाहते हैं कि बापू टावर तेजी से बन जाय।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की केंद्र सरकार पुरानी चीजों को खत्म करने में जुटी है। हमलोग चाहते हैं कि पुरानी चीजें संरक्षित रहे। निर्माण एजेंसी अगर निर्माण कार्य में देरी करती है तो इसे देखें कि निर्माण कार्य में देरी क्यों हो रही है। अधिकारी एक–एक काम को तेजी से पूर्ण करवायें। आज जिन योजनाओं का शिलान्यास किया गया है उसका निर्माण पूर्ण होने का समय निर्धारित कीजिए। शिलान्यास के बाद निर्माण कार्य तेजी से पूरा होना चाहिए। अब सभी सरकारी भवनों का मेंटेनेंस करते रहना है। विभाग के सभी इंजीनियर इस पर ध्यान दें। भवनों के निर्माण कार्य में काफी खर्च होता है। उसका देखभाल जरूरी है। भवनों का सदुपयोग ठीक ढंग से हो। अगर सरकारी भवन मेनटेन रहेगा तो वह सुंदर दिखेगा। निजी भवन भी उसे देखकर मेंटेनेंस और साफ–सफाई के लिये प्रेरित होंगे। आज के उद्घाटन एवं शिलान्यास के लिए हम सभी को बधाई देते हैं।

कार्यक्रम में भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को मोमेंटो भेंटकर उनका स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान भवन निर्माण विभाग एवं बिहार राज्य भवन निर्माण निगम द्वारा किये गये कार्यों पर आधारित एक लघु फिल्म प्रस्तुत की गयी।

कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी एवं भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव सह मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, भवन निर्माण विभाग के अभियंता प्रमुख श्री राकेश झा, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम के मुख्य महाप्रबंधक श्री सुधांशु शेखर उपस्थित थे, जबकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न विभागों के मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण, विधान पार्षदगण एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण, जिलों के जिलाधिकारी, अभियंतागण एवं भवन निर्माण विभाग के अन्य वरीय अधिकारी जुड़े हुये थे।

******